भारत सरकार
आयुष मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 759**

26 जुलाई, 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

**आयुर्ज्ञान योजना**

759. श्रीमती गनीबेन नागाजी ठाकोर:
श्री चमाला किरण रेड्डी:

क्या आयुष मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) देश में आयुर्ज्ञान योजना के उद्वेश्य और कार्यान्वयन का राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या गुजरात में आयुर्ज्ञान योजना कार्यान्वित कर दी गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) देश में विशेषकर तेलंगाना राज्य में आयुर्ज्ञान योजना के लिए इसके आरंभ से लेकर अब तक आबंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है और आवंटित और उपयोग की गई निधियों का वर्ष-वार और घटक-वार ब्यौरा क्या है और आयुष में क्षमतानिर्माण और सतत् चिकित्सा शिक्षा तथा आयुष में अनुसंधान और नवाचार का ब्यौरा क्या है?

(घ) क्या सरकार ने तेलंगाना में आयुर्ज्ञान योजना की प्रभावकारिता और परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए कोई प्रभाव अध्ययन/आकलन कराया है और यदि हां, तो अध्ययन के प्रमुख निष्कर्षों और सिफारिशों का ब्यौरा क्या है; और

(ङ) आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत तेलंगाना में कार्यान्वित की गई पहलों/कार्यक्रमों का ब्यौरा क्या है और इन पहलों का राज्य की आयुष शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य देखभाल संबंधी अवसंरचना पर क्या प्रभाव पड़ा है?

**<u>उत्तर</u>**

**आयुष मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)**
**(श्री प्रतापराव जाधव)**

(क) और (ख): आयुष मंत्रालय 2021-22 से आयुर्ज्ञान नामक एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना को कार्यान्वित कर रहा है, जिसका उद्देश्य एक्स्ट्रा म्यूरल अनुसंधान गतिविधियां प्रदान करके आयुष में अनुसंधान और नवाचार का और शैक्षणिक गतिविधियों, प्रशिक्षण, क्षमता निर्माण आदि प्रदान करके शिक्षा का समर्थन करना है।

इस योजना के तीन घटक हैं: वित्तीय वर्ष 2021-22 से (i) आयुष में क्षमता निर्माण और सतत चिकित्सा शिक्षा (सीएमई) (ii) आयुष में अनुसंधान और नवाचार तथा वित्तीय वर्ष 2023-24 से तीसरा घटक

अर्थात आयुर्वेद जीवविज्ञान एकीकृत स्वास्थ्य अनुसंधान को भी योजना के अंतर्गत जोड़ा गया है। आयुर्ज्ञान योजना की विस्तृत गाइडलाइन मंत्रालय की वेबसाइट (www.ayush.gov.in) पर उपलब्ध है।

(ख): यह योजना एक केंद्रीय क्षेत्रक योजना है और इसे गुजरात राज्य सहित पूरे देश में कार्यान्वित किया जाता है। यह योजना किसी राज्य/संघ राज्य क्षेत्र और क्षेत्र विशिष्ट के लिए नहीं है। इसके अलावा, गुजरात राज्य में स्थित विभिन्न संगठनों को जारी की गई धनराशि का विवरण **संलग्नक-I** पर दिया गया है।

(ग): इस योजना के तहत, पूरे देश में पात्र संगठनों/संस्थाओं को योजना के दिशा-निर्देशों में निहित प्रावधानों के अनुसार वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत, राज्य/संघ राज्य क्षेत्र-वार निधि आवंटित नहीं की जाती है। योजना की शुरूआत से लेकर अभी तक इसके तहत, आवंटित/उपयोग की गई निधि का वर्ष-वार/घटक-वार विवरण निम्नलिखित है:

(करोड़ रुपए में)

| वर्ष | योजना घटक का नाम | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | आयुष में क्षमता निर्माण और सीएमई | | आयुष में अनुसंधान एवं नवाचार | | आयुर्वेद जीवविज्ञान | |
| | आवंटित निधि | जारी की गई निधि | आवंटित निधि | जारी की गई निधि | आवंटित निधि | जारी की गई निधि |
| 2021-22 | 2.70 | 2.70 | 8.77 | 1.76 | - | - |
| 2022-23 | 6.25 | 6.25 | 4.25 | 2.82 | - | - |
| 2023-24 | 4.50 | 4.50 | 4.00 | 4.00 | 6.16 | 6.16 |
| 2024-25 (15.07.2024 तक) | 4.50 | 0.69 | 4.00 | 1.08 | 40.00 | |

(घ) और (ङ): इस मंत्रालय ने अभी तक तेलंगाना में आयुर्ज्ञान योजना की प्रभावशीलता और परिणामों का मूल्यांकन करने के लिए कोई प्रभावकारिता अध्ययन/मूल्यांकन नहीं किया है। इस योजना के तहत, देश में पात्र संगठनों को कार्यक्रमों/परियोजनाओं के लिए समर्थन दिया जाता है। इसके अलावा, योजना के तहत तेलंगाना राज्य में स्थित विभिन्न संगठनों को समर्थित कार्यक्रमों का विवरण **संलग्नक-II** पर दिया गया है।

*****

**संलग्नक-I**

आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत **गुजरात** राज्य में स्थित संगठनों/संस्थाओं को जारी निधि का विवरण इस प्रकार है:

क. **आयुष में क्षमता निर्माण और सीएमई: गुजरात** राज्य में स्थित आयुष कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु विभिन्न संगठनों को समर्थित सीएमई कार्यक्रम का विवरण

| क्र.सं. | अनुदान प्राप्त संस्थान/संगठन का नाम | वर्ष | जारी की गई निधि (लाख रूपए में) | स्वीकृत कार्यक्रम का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | जेएस आयुर्वेद महाविद्यालय और पीडी पटेल अस्पताल, नडियाड (गुजरात) | 2022-23 | 9.00 | रचना शरीर पर शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई |
| 2. | आयुर्वेद शिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (आईटीआरए), जामनगर (गुजरात) | 2022-23 | 72.00 | शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई: 1. प्रसूति तंत्र और स्त्री रोग; 2. आरएस एवं बीके; 3. पंचकर्म; 4. कायचिकित्सा; 5. मूल सिद्धांत; 6. कौमारभृत्य; 7. स्वस्थवृत्त; और 8. शल्य तंत्र |
| 3. | जेएस आयुर्वेद महाविद्यालय और पीडी पटेल अस्पताल, नडियाड (गुजरात) | 2023-24 | 9.00 | रोग निदान पर शिक्षकों के लिए 6 दिवसीय सीएमई |
| कुल | | | **90.00** | |

ख. **आयुष में अनुसंधान और नवाचार: गुजरात** राज्य में आयुष में अनुसंधान गतिविधियों के संचालन के लिए वित्त पोषित परियोजनाएं

| क्र.सं. | अनुदान प्राप्त संगठन/संस्थान का नाम | अध्ययन का शीर्षक | वर्ष | जारी निधि |
|---|---|---|---|---|
| 1. | आईटीआरए, गुजरात आयुर्वेद विश्वविद्यालय, जामनगर (गुजरात) | नागफनी (ओपंटियालाटियर मिल.) पर प्रायोगिक और नैदानिक अध्ययन, एक अनुक्तद्रव्य (अतिरिक्त औषधीय दवा), इसकी हेमेटिनिक गतिविधि के विशेष संदर्भ के साथ | 2022-23 | 5,15,560/- |
| 2. | फार्मेसी संस्थान, निरमा विश्वविद्यालय, गांधीनगर हाईवे, अहमदाबाद-382481, गुजरात। | कैंसर में औषधीय रूप से महत्वपूर्ण भारतीय बांस के पौधों की रेडियो सुरक्षात्मक क्षमता का मूल्यांकन | 2023-24 | 8,42,450/- |
| **कुल** | | | | **13,58,010/-** |

**संलग्नक-II**

आयुर्ज्ञान योजना के अंतर्गत **तेलंगाना** राज्य में स्थित संगठनों/संस्थाओं को जारी निधि का विवरण इस प्रकार है:

क. **आयुष में क्षमता निर्माण और सीएमई: तेलंगाना** राज्य में स्थित आयुष कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने हेतु विभिन्न संगठनों को समर्थित सीएमई कार्यक्रम का विवरण

| क्र.सं. | अनुदान प्राप्त संस्थान/संगठन का नाम | वर्ष | जारी की गई निधि (लाख रूपए में) | स्वीकृत कार्यक्रम का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)- कोशिकीय एवं आणविक जीवविज्ञान केंद्र, तेलंगाना | 2021-22 | 9.00 | अनुसंधान एवं विकास में वर्तमान रुझान, आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति और वैज्ञानिक बोध के लिए प्रौद्योगिकी पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। |
| 2. | वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर)- भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान उप्पल रोड, तेलंगाना | 2021-22 | 9.00 | अनुसंधान एवं विकास में वर्तमान रुझान, आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति और वैज्ञानिक बोध के लिए प्रौद्योगिकी पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। |
| 3. | सरकारी निज़ामिया तिब्बिया कॉलेज, चारमीनार, हैदराबाद (तेलंगाना) | 2023-24 | 18.00 | 1. मोआलिजाअत पर शिक्षकों के लिए सीएमई<br>2. अमराज़े-निस्वान पर शिक्षकों के लिए सीएमई। |
| 4. | राष्ट्रीय यूनानी त्वचा विकार चिकित्सा संस्थान, हैदराबाद (तेलंगाना) | 2023-24 | 9.00 | आयुष चिकित्सकों/वैज्ञानिकों के लिए अनुसंधान एवं विकास में वर्तमान रुझान, आयुष पद्धति की वैज्ञानिक बोध और संवर्धन के लिए आधुनिक वैज्ञानिक प्रगति और प्रौद्योगिकी पर 6 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम। |
| | **कुल** | | **45.00** | |

**<u>ख. आयुष में अनुसंधान और नवाचार:</u> तेलंगाना** राज्य में आयुष में अनुसंधान गतिविधियों के संचालन के लिए वित्त पोषित परियोजनाओं का विवरण:

| क्र. सं. | अनुदान प्राप्त संस्थान/संगठन का नाम | अध्ययन का शीर्षक | वर्ष | जारी निधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | आंध्र प्रदेश होम्योपैथिक एसोसिएशन मल्टी-स्पेशलिटी क्लिनिक, हैदराबाद, तेलंगाना | होम्योपैथिक दृष्टिकोण से हैदराबाद की शहरी आबादी में अवसाद संबंधी विकारों का अध्ययन | 2021-22 | 1,86,000/- |
| 2 | सीएसआईआर-भारतीय रासायनिक प्रौद्योगिकी संस्थान, तारणका, हैदराबाद, तेलंगाना | आयुर्वेदिक जड़ी- बूटी-धात्विक औषधयोगों का विषाक्तता मूल्यांकन | 2022-23 | 16,43,710/- |
| **कुल** | | | | **18,29,710/-** |